Amount Released to the Panchayats

(4)
14/15/119. Sh. Bishan Lal Saini (Radaur)

Will the Development and Panchayats Minister be pleased to state :-

a) whether it is a fact that approximately 160 villages and three blocks i.e. Radaur Block, Jagadhri block and Saraswati Nagar block are falling under the Radaur Assembly Constituency;

b) the amount released to the panchayats from the NGT and other schemes to those villages of three blocks which are falling under the Radaur Assembly Constituency after the 25th February, 2021 togetherwith the details of the account in which the said amount was deposited; and

c) the details of the development works which have been executed from the abovesaid amount and the details of the development works which are lying incomplete ?

DEVENDER SINGH BABLI, DEVELOPMENT & PANCHAYATS MINISTER

a) Yes sir, there are 158 villages which fall in three blocks namely Jagadhri, Radaur & Saraswati Nagar in Radaur Assembly Constituency;

b) A sum of Rs. 22,82,33,825/- (i.e. Rs.22.82 Cr.) has been released in accounts of Gram Panchayats in three blocks of Radaur Assembly Constituency from Haryana Gramin Vikas Yojana (HGVY), Fifteenth Finance Commission (FFC) and State Finance Commission (SFC) after 25th February, 2021. Account details are at **Annexure "A".**

c) From the above said sanctioned amount, 81 works have been completed, 25 are incomplete and 32 are yet to be started **(workwise details are attached at annexure "B")**

पंचायतों को जारी की गई राशि

(4)
14/15/119. **श्री बिशन लाल सैनी (रादौर) :**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः–

क) क्या यह तथ्य है कि रादौर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लगभग 160 गांवों तथा तीन ब्लॉकों अर्थात रादौर ब्लॉक, जगाधरी ब्लॉक तथा सरस्वती नगर ब्लॉक पड़ते हैं;

ख) 25 फरवरी, 2021 के पश्चात् रादौर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अन्तर्गत पड़ने वाले तीन ब्लॉकों के गांवों को एन.जी.टी. तथा अन्य योजनाओं से पंचायतों को कितनी राशि जारी की गई है तथा उक्त खातों का ब्यौरा क्या है जिनमें उक्त राशि जमा की गई थी; तथा

ग) उपरोक्त राशि से निष्पादित किए गए विकास कार्यों का ब्यौरा क्या है तथा अधूरे पड़े विकास कार्यों का ब्यौरा क्या है?

देवेन्द्र सिंह बबली, विकास एवं पंचायत मंत्री

क) हाँ श्रीमान, रादौर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में 158 गाँव हैं जो तीन ब्लॉक में पड़ते हैं जिनका नाम जगाधरी ब्लॉक, रादौर ब्लॉक तथा सरस्वती नगर ब्लॉक है;

ख) 25 फरवरी, 2021 के पश्चात् रादौर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के तीन ब्लॉकों की पंचायतों के खाते में हरियाणा ग्रामीण विकास योजना, पंद्रहवें वित्त आयोग तथा राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत मु0 22,82,33,825/– रू0 (22.82 करोड रू0) की राशि जारी की गई है। खातों का विवरण **अनुबन्ध "क"** पर संलग्न है; तथा

ग) उपरोक्त जारी राशि में से 81 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, 25 अभी पूर्ण नहीं हैं तथा 32 अभी शुरू किए जाने हैं **(कार्यवार विवरण अनुबन्ध "ख" पर सलंग्न है)।**